हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 जून 2025

06 सिंधुपति सम्राट डाहिर की स्मृति में काव्य गोष्ठी ...



09 भगवान जगन्नाथ स्वामी हो गए बीमार...





## खबर संक्षेप

### जनभागीदारी समिति की बैठक आज विधायक लेंगे

**विदिशा।** शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा सोमवार को नटेरन के शासकीय महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति की बैठक लेंगे। समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से दोपहर 1 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है।

### लंबित आवेदनों की आज समीक्षा करेंगे कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता सोमवार को सुबह 10:30 बजे लंबित आवेदनों की समीक्षा करेंगे। जिन बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी उनमें प्राथमिकता वाले विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी, खाद्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कॉ-आपरेटिव बैंक, कृषि उपज मंडी के अलावा बाढ पूर्व तैयारियां, समर्थन मूल्य पर मूंग क्रय हेतु पंजीयन की तैयारी आदि प्रमुख हैं।

### सुपरवाइजर रिजल्ट में श्वेता ने किया प्रदेश में टॉप

**विदिशा।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर



की हुई परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया है। जिसमें किलेअंदर बक्सरिया निवासी श्वेता सोनी ने ओबीसी कैटेगरी में पेपर ए में प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल की। श्वेता सोनी मुखर्जी नगर सेक्टर में 2017 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। श्वेता ने बताया कि किसी भी परीक्षा को पास करने के लिए 1 साल का प्रयास पूरी ईमानदारी से करना पर्याप्त होता है। उन्होंने बताया कि विगत सात माह से इस परीक्षा के लिए तैयारी कर रही थी। 8 मार्च को उन्होंने परीक्षा दी थी।

### स्टेम सेल थेरेपी रक्त रोगियों की नई उम्मीद



**विदिशा।** जन्मजात व अनुवांशिक रक्तजनित बीमारियों जैसे हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और ब्लड कैंसर के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट अब मरीजों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। यह बात गुरुग्राम फोर्टिस मेमोरियल इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. राहुल भार्गव ने जागरूकता संगोष्ठी में कही। उन्होंने बताया कि सरकारें इन रोगों के उन्मूलन को प्राथमिकता दे रही हैं। डॉ. वर्षा रामपुरी ने हीमोफीलिया में फैक्टर-8 व 9 की कमी को कारण बताया, जबकि डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने थैलेसीमिया पर अपडेट साझा किए। डॉ. अरुण दनेवा ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट सामान्य उपचार प्रक्रिया बन गई है, जिसकी लागत करीब 20 लाख है, लेकिन सरकारी योजनाओं और संस्थाओं की मदद से इसे निःशुल्क भी कराया जा सकता है। इस दौरान एमपी आईएमए अध्यक्ष डॉ एमके जैन भी मौजूद रहे।

### लटेरी पुलिस ने लापता बालक को खोज निकाला

**विदिशा।** थाना लटेरी क्षेत्र से लापता 12 वर्षीय बालक को पुलिस ने 24 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 19 जून को दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर त्वरित विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जय कुमार सिंह ने विशेष टीम गठित की। टीम के प्रयासों से 20 जून को बालक को ढूंढ निकाला गया।

## श्रममंत्री ने ग्राम मुरझिरी बावना नदी के उदगम स्थल का पूजन किया

# पौधा लगा दिया संदेश, नदियों के उदगम स्थलों की सुरक्षा अनिवार्य : प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रममंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रविवार को ग्यारसपुर जनपद की ग्राम पंचायत घटेरा के ग्राम मुरझिरी पहुंचकर बावना नदी के उद्गम स्थल का पूजन कर जल स्रोतों की सुरक्षा और संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नदियों के जल के साथ ही उनके उद्गम स्थलों की देखरेख भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।





**विदिशा।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल।



मप्र शासन के मंत्री पटेल ने पहाड़ियों की सुरम्य वादियों में बसे मुरझिरी गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक कई नदियों के उद्गम स्थल देखे हैं, परंतु बावना नदी का यह स्थल अत्यंत सजीव और संरक्षित नजर आया। उन्होंने वहां की पारंपरिक लकड़ी संरचना की सराहना करते हुए कहा कि इससे उद्गम स्रोत सुरक्षित रह रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी समुदाय द्वारा उद्गम स्थलों की देखरेख में निभाई जा रही भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्व, त्योहार या अन्य आयोजनों के बहाने वे निरंतर इन स्थलों पर जाते रहते हैं, जिससे उनकी पवित्रता और स्वच्छता बनी रहती है।

मंत्री पटेल ने कहा कि वर्षभर नदियों में जल प्रवाह बना रहे, इसके लिए ऐसे पौधे लगाए जाएं, जिनकी जड़ें पानी को रोक सकें और भूमि में नमी बनाए रखें। उन्होंने विभागीय अमले को निर्देश दिए कि जल संचयन करने वाले पौधों का चयन कर संरक्षित पौधारोपण किया जाए। उन्होंने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान को सफल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि रोपण से पहले फेंसिंग या बाउंड्री वॉल जैसी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने पूर्व वर्षों में लगे पौधों की देखरेख में रही कमियों को दूर करने की बात कही। मंत्री पटेल ने जल शोषण करने वाले पौधों को उद्गम स्थलों पर न लगाने की हिदायत दी और अधिकारियों से सुनिश्चित करने को कहा कि पौधरोपण वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि से लाभकारी हो। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, भाजपा नेता संदीप डोंगर सिंह, सरपंच जसवंत मीणा, एसडीएम मनोज उपाध्याय, जनपद सीईओ जितेन्द्र जैन ग्रामीणजन और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 24 घंटों में 16.1 मिमी बारिश, ग्यारसपुर में सबसे ज्यादा 40.0 मिमी

**विदिशा।** जिले में पिछले 24 घंटों में हुई लगातार बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। जिले में कुल 16.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश ग्यारसपुर में 40.0 मिमी और गुलाबगंज में 35.0 मिमी रही। मौसम विभाग के अनुसार, 23-24 जून को भी भारी बारिश की संभावना है। शनिवार को दिन का तापमान 30 डिग्री और रात का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे में बारिश पहले से कम होगी। हांलाकि 23 जून से मौसम में बदलाव आएगा। 24 जून से तेज बारिश की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते बोवनी कर लें। जिले की औसत वर्षा 16.1 मिमी रही। बारिश से खेतों में नमी बनी है। इससे बोवनी कार्यों में तेजी आएगी। कृषि विभाग ने किसानों को मौसम के अनुसार फसल की तैयारी करने की सलाह दी है।

#### शनिवार से अब तक कहां कितनी बारिश हुई

| | |
|---|---|
| विदिशा | - 20.0 मिमी |
| लटेरी | - 19.5 मिमी |
| सिरोंज | - 13.0 मिमी |
| बासौदा | - 10.0 मिमी |
| कुरवाई | - 9.8 मिमी |
| नटेरन | - 6.0 मिमी |
| शमशाबाद | - 4.0 मिमी |
| पठारी | - 4.0 मिमी |

## राज्यरानी एक्सप्रेस में कोच वृद्धि और समय संशोधन की मांग रेलवे बोर्ड को सौंपा गया ज्ञापन

### यात्रियों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए उठ रही आवाज, समूचे दमोह-भोपाल खंड से जुड़ी भावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भोपाल और दमोह के बीच चलने वाली एकमात्र दैनिक इंटरसिटी ट्रेन राज्यरानी एक्सप्रेस की सुविधाओं को लेकर यात्रियों की लंबे समय से उठ रही आवाज अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। शनिवार को दमोह-भोपाल रेलखंड के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों, जनप्रतिनिधियों और रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों ने मिलकर रेलवे अधिकारियों को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन रेलवे बोर्ड नई दिल्ली, पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक (जबलपुर) और भोपाल व जबलपुर मंडल के डीआरएम को संबोधित किया गया है। मुख्य उद्देश्य राज्यरानी एक्सप्रेस में यात्रियों को हो रही असुविधाओं का समाधान कराना है।

#### गंभीर समस्याएं, जिन पर मांगा समाधान

कोचों की संख्या बेहद कमः वर्तमान में ट्रेन में केवल 15 कोच (**SLR** सहित) हैं, जो भारी भीड़ के अनुपात में नाकाफी साबित हो रहे हैं। यात्रियों को खड़े रहने तक की जगह नहीं मिलती। अत्यधिक भीड़ के कारण असुरक्षा और असुविधा की स्थिति बनी रहती है। बीना से भोपाल की यात्रा 2 घंटे 35 मिनट में पूरी होती है, जबकि वापसी में यह सिर्फ 2 घंटे में। इसके अलावा, भोपाल आउटर पर समय से पहले पहुंचने के बावजूद स्टेशन में विलंब से प्रवेश होता है, जिससे यात्री कार्यालय व संस्थानों में देर से पहुंचते हैं।

## वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई गठित, अवनेश अध्यक्ष

### पूर्व वित्तमंत्री राघवजी की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई विदिशा की नवीन कार्यकारिणी का गठन मानव सेवा न्यास परिसर में एक गरिमामय समारोह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त मंत्री राघवजी ने की।

विशेष अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रकुमार जैन, प्रदेश मंत्री केएन कनकने तथा महिला प्रकोष्ठ की संभागीय मंत्री सृष्टि जैन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा घोषित जिला कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रकुमार जैन द्वारा की गई एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। जिला अध्यक्ष अवनेश जैन ने आगे अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों की नियुक्ति की।

#### जिला कार्यकारिणी



**जिला अध्यक्षः** अवनेश कुमार जैन
**जिला प्रभारीः** हरीश अग्रवाल
**कर्मचारी अध्यक्षः** विनोद गुप्ता
**महिला इकाई अध्यक्षः** सुनीता सोनी
**महिला इकाई प्रभारीः** अंजु मित्तल
**युवा इकाई अध्यक्षः** विपिन जैन
**युवा इकाई प्रभारीः** जयेश अग्रवाल
**उपाध्यक्षः** मनमोहन बंसल, राजकुमार सर्राफ, सुनील जैन
**महामंत्रीः** महेन्द्र कुमार बड़कुल
**सह महामंत्रीः** रामानंद मोर
**कोषाध्यक्षः** मनीष बिंदल
**प्रचार मंत्रीः** संतोष कुमार गुप्ता
**तहसील अध्यक्षः** रमाकांत गुप्ता
**तहसील प्रभारीः** अतुल शाह हाईलेंस

## जमीन पर से हटाया नाम, 100 वर्षीय सिम्मोबाई पर जीवन निर्वाह का संकट

देवेश शर्मा ▶▶ खामखेड़ा

राजस्व व पुलिस प्रशासन की लापरवाही और दबंगों की दबंगई के चलते ग्राम बागोद निवासी 100 वर्षीय बुजुर्ग महिला सिम्मोबाई वेवा राजाराम आज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

बीते दो वर्षों से अपनी ही जमीन के लिए संघर्ष कर रही सिम्मोबाई को अब तक न्याय नहीं मिला, जबकि उनके पास उस जमीन का वैध पट्टा व खाते की प्रविष्टियां मौजूद हैं। सिम्मोबाई को ग्राम बागोद स्थित सर्वे क्रमांक 71/1/2 एवं 71/1/11 की भूमि का शासन द्वारा वैध रूप से पट्टा दिया गया था। वर्षों से वह इन पर काबिज भी थीं। लेकिन हाल ही में तहसीलदार व पटवारी द्वारा यह भूमि अन्य व्यक्ति के नाम चढ़ा दी गई और उनकी वैध भूमि को गलत तरीके से शासकीय घोषित कर दिया गया। मामले की शिकायत जब सिम्मोबाई ने तहसील कार्यालय में की तो उन्हें डरा-धमका कर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। मामला खामखेड़ा चौकी पर दर्ज हुआ था लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने मामला नायब तहसीलदार को सौंप दिया परंतु एक वर्ष तक चली सुनवाई के बाद भी सिम्मोबाई को राहत नहीं मिली। इस संबंध में विदिशा ग्रामीण के तहसीलदार अजय पाठक का कहना है कि इस मामले की जानकारी लेकर समस्या का समाधान किया जाएगा।

#### शासन-प्रशासन न्याय नहीं दे सकते तो जहर दे दें



सिम्मोबाई का कहना है कि वह न्याय के लिए वृद्धावस्था में भी दर-दर भटक रही हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। उनका परिवार सिर्फ उसी भूमि से अपना पेट पालता था, जो अब छीन ली गई है। ऐसे में वह शासन से सवाल करती हैं कि अगर उन्हें न्याय नहीं दे सकते तो उन्हें मरने की अनुमति दी जाए। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला फर्जी नहीं है। अगर किसी को संदेह है तो वे खुद बागोद जाकर सिम्मोबाई के खेत की स्थिति का मुआयना कर सकते हैं।

#### खेत जाने पर धमकाया जाता है

स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि खेत खाली पड़ा है और सिम्मोबाई का परिवार भूखमरी की कगार पर पहुंच गया है। जब भी वे खेत पर जाने की कोशिश करती हैं, उन्हें धमकाकर भगा दिया जाता है। गांव के सरपंच और पंचों ने आपसी सुलह की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने सबके सामने ही हमला करने का प्रयास किया। ऐसे में अकेले में उनकी जान को खतरा बना हुआ है। बीते दो वर्षों में सिम्मोबाई ने दो बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत की, जनसुनवाई में कलेक्टर व एसपी से गुहार लगाई, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। यहां तक कि तहसीलदार द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया।

## जनसंवाद चौपालों से किया सुशासन व कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भाजपा के दुर्गानगर मंडल, वैत्रवती मंडल और बैसनगर मंडल द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंवाद चौपालों का आयोजन किया गया।

नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण और सुशासन के 11 साल बेमिसाल₹ कार्यक्रम के अंतर्गत यह चौपालें नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित की गईं। दुर्गा नगर मंडल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28, 29 एवं 30 की चौपाल शेरपुर स्थित इंडिया कॉफी हाउस परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, एडवोकेट दीपक बाजपेई एवं स्थानीय पार्षद रामप्रसाद पासी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं वार्ड क्रमांक 37, 38 एवं 39 की चौपाल टीला खेड़ी कॉलोनी में रूप सिंह कुशवाह के बगीचे पर सम्पन्न हुई। दोनों ही चौपालों में आमजन से सीधा संवाद करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### कुंभकरण को मिनटों में मिला आयुष्मान

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बासौदा विकासखंड की ककरावदा में रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अनेक हितग्राहियो को मौके पर लाभांवित किया गया है जिसमें कुंभकरण भी शामिल है। लाभांवित होने वाले हितग्राही कुंभकरण ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य पूर्ण कराने पर मौके पर आयुष्मान कार्ड बनने की पावती रसीद आवेदक को प्रदाय की गई है। इस दौरान हितग्राही कुंभकरण को आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले इलाज की सुविधा से भी अवगत कराया गया है। लाभांवित होने वाले हितग्राही कुंभकरण ने बताया कि शासन की अनेक योजना जैसे राशन, बच्चो को स्कूल में कॉपी किताबों के साथ-साथ ड्रेस मिली है।

### 610 ग्राम गांजा बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** कुरवाई पुलिस ने ग्राम भौरासा में दबिश देकर राजकुमार दीक्षित से 610 ग्राम अवैध गांजा बरामद किय।,पुलिस ने आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी है, ताकि समाज को नशा मुक्त एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

### आवास निरीक्षण कर जनसमस्याओं का निराकरण किया



**विदिशा।** बासौदा जनपद के सतपाड़ा कला एवं पिपरिया जमींदार गांवों में #धरतीआबा कार्यक्रम अंतर्गत कैंप लगाए गए। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने पिपरिया जमींदार में आदिवासी परिवारों के प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण कर चर्चा की। आवास योजना, आधार व बिजली जैसे मुद्दों पर समाधान की पहल की गई। सतपाड़ा कला में 45 पात्रों में से 29 आयुष्मान कार्ड बने, शेष समस्याओं का 8 दिन में निराकरण होगा। ग्राम स्कूल में शिक्षकों की कमी व पिपरिया में कीचड़युक्त रास्ते की मरम्मत पर भी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

### राजीव आवास में 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या

**विदिशा।** शहर के सोराई रोड स्थित राजीव गांधी आवास कॉलोनी में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 18 वर्षीय युवती शालिनी कुशवाहा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही डायल-100 की पुलिस मौके पर पहुंची, हालांकि शव को जिला अस्पताल लाने की जिम्मेदारी परिजनों ने खुद उठाई और शालिनी को बाइक पर अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है और परिजनों व परिचितों से पूछताछ कर रही है। यह घटना कॉलोनीवासियों को स्तब्ध कर गई है। पुलिस द्वारा मोबाइल रिकॉर्ड, सोशल मीडिया गतिविधियों और पारिवारिक परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है।

## 25 जून को महामाई माता मंदिर में होगा ध्वजा अर्पण

### आषाढ़ी महोत्सव एवं गुप्त नवरात्रि की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रजापति समाज सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में मोहनगिरी स्थित प्राचीन महामाई माता मंदिर में आगामी 25 जून 2025 को ध्वजा अर्पण यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार आषाढ़ माह और गुप्त नवरात्रि के शुभारंभ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

इस संबंध में ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ट्रस्ट के सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया कि 26 जून से गुप्त नवरात्रि आरंभ हो रही है। इसी के अंतर्गत 25 जून को आषाढ़ी महोत्सव के तहत श्रद्धालुओं द्वारा माता को ध्वजा अर्पण किया जाएगा। ध्वजा अर्पण यात्रा का संयोजन अशोक प्रजापति को सौंपा गया है। यात्रा सुबह 9 बजे महामाई माता मंदिर, मोहनगिरी से प्रारंभ होकर बरईपुरा चौराहा और मां हॉस्पिटल रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां माता रानी को ध्वजा अर्पित की जाएगी।

ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय प्रजापति ने बताया कि आषाढ़ माह में महामाई मंदिर में दाल-बाटी प्रसाद चढ़ाने और बावड़ी के पवित्र जल का सेवन करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। मान्यता है कि इस बावड़ी का जल अनेक रोगों से मुक्ति दिलाता है। बैठक में प्रजापति समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसएटीआई में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

### ऊर्जा के संयमित उपयोग पर बल दिया

# प्लास्टिक और प्रदूषण से मुक्ति जीवन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए: प्रो. केके पंजाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान के अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारत सरकार के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

मुख्य वक्ता प्रो. केके पंजाबी ने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न खतरों पर सरल भाषा में प्रकाश डालते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त विश्व कोई



**विदिशा।** कार्यक्रम के बाद छात्र छात्राओं ने पौधरोपण किया गया।

विकल्प नहीं, बल्कि जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने इसके दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक शेर के माध्यम से समझाया कि खता लम्हों ने की थी, सज़ा सदियों ने पाई। संस्था संचालक डॉ. वायके जैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति पर्यावरण के विनाश की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। डीन (अनुसंधान) डॉ. जितेन्द्र पाराशर ने पर्यावरण क्षरण को मानव के लालच और अदूरदर्शिता का परिणाम बताया।

- भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति पर्यावरण के विनाश की कीमत पर नहीं होनी चाहिए : जैन

विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने ऊर्जा और विकास विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ऊर्जा के संयमित उपयोग पर बल दिया। डॉ. स्वाति दुबे ने पृथ्वी को हमारा घर बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता जताई, वहीं डॉ. राजे सेंगर ने सामुदायिक जिम्मेदारी के रूप में पर्यावरण चेतना की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, वृक्षारोपण, नदी जल गुणवत्ता परीक्षण तथा रद्दी कागज से पैकिंग पेपर बनाना जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें विभिन्न संकायों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं मेघा विश्वकर्मा और वैष्णवी बघेल ने किया। समापन पर डॉ. नम्रता राजावत ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रेलवे के हरदूखेड़ी और परसौरा अंडरपास में नगरपालिका ने लगवाई लाइट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हरदूखेड़ी अंडरब्रिज में नगर पालिका द्वारा लाइट लगवा दी गई है। पिछले एक वर्ष से अंडरपास में लाइट नहीं होने से रात के समय घुप अंधेरा रहता था। जिसके चलते वहां के नागरिक परेशान हो रहे थे और विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने रेलवे प्रशासन से बार बार मांग की थी कि आने जाने वाले लोगों को अंडरपास में लाइट न होने के कारण काफी डर का माहौल बना रहता है और यदि रेलवे प्रशासन अनुमति दे तो नपा प्रशासन अपने स्तर पर अंडरपास में विद्युत व्यवस्था करवा सकती है। ताकि नागरिकों को परेशानी से निजात मिल सके।

विधायक एवं नपाध्यक्ष की मांग पर रेलवे प्रशासन ने पिछले दिनों हरदूखेडी अंडरपास एवं परसौरा अंडरपास में विद्युत व्यवस्था करने की स्वीकृति नपा प्रशासन को दे दी थी। इस अनुमति के बाद नपा ने भी बिना देर किए अंडरपास में विद्युत व्यवस्था के लिए कार्य शुरू करवा दिया। अब हरदूखेडी अंडरपास रात के समय अंधेरे में नहीं रहता और नपा की लाइटों से अंडरपास में भरपूर रोशनी बनी रहती है। जिससे वाहन चालकों सहित पूर्वी रेलवे कॉलोनी एवं हरदूखेड़ी मार्ग पर बनी कॉलोनी के रहवासियों को सुविधा हो गई है। लोगों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव का आभार माना है। यहां उल्लेखनीय है कि ये दोनों अंडरपास रेलवे के हैं और यह नपा क्षेत्र में नहीं आते हैं, लेकिन इनमें विद्युत व्यवस्था न होने से नागरिकों को परेशानी हो रही थी। इस कारण नपा ने रेलवे से अनुमति लेकर वहां विद्युत व्यवस्था की है।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस प्रभारी निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने रविवार को जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 6 वाहन चालकों के 1800 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात प्रभारी निरपत सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाने की हिदायत दी।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने दी श्रद्धांजलि



**गंजबासौदा।** 17 जून को अहमदाबाद गुजरात में एयर इंडिया विमान हादसे में दिवंगत होने वाले सभी लोगों की आत्मा की शांति के लिए दिवंगत आत्माओं को एवं पूर्व बीआरसी कपिल तिवारी को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट के भयावह हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के गुजरात प्रदेश संयोजक बदरुद्दीन हलानी का असमय निधन हो गया, यह त्रासदी राष्ट्रीय स्तर की क्षति है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच इस अपूरणीय क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोनों दिवंगत आत्माओं के साथ साथ हादसे के शिकार सभी 242 यात्रियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इसी के साथ विकास खंड को शिक्षा के क्षेत्र मे शिखर तक ले जाने मे अपना योगदान देने वाले पूर्व बीआरसी कपिल तिवारी के आकस्मिक निधन पर मंच गहरा शोक व्यक्त करता है। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कपिल तिवारी ने अपने कार्यकाल मे शासकीय शिक्षकों के हित मे व्यापक कार्य किए उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रूप से याद किया जाता रहेगा। वे नवाचार कर शिक्षा के क्षेत्र मे अंतिम बच्चे तक समावेशी शिक्षण पहुंचाने हमेशा याद किऐ जाते रहेगे। इस अवसर पर मंच के अनेक पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बारिश के कारण सफाई अभियान स्थगित

**गंजबासौदा।** शनिवार रात्रि से जारी बारिश के चलते रविवार को सुबह सात बजे से बेतवा नदी रिपटा घाट पर आयोजित होने वाला साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 का 40 वां चरण निरंतर बारिश के कारण स्थगित किया गया।


## विद्युत खंभा, बाइक और स्कूटी हुई क्षतिग्रस्त, युवती को आई चोट

# अनियंत्रित होकर मिनी ट्रक विद्युत खंभे से टकराया, वाहन हुए क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वाहनों की तेज गति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। वाहन दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं तथा अनेक लोग अपने हाथ, पैर गवां चुके हैं। प्रशासन के प्रयासों के बावजूद भी वाहन दुर्घटनाऐं हैं कि रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

ऐसा ही मामला नगर में देखने को मिला। रविवार को दोपहर के समय पचमा हनुमान मंदिर के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। मिनी ट्रक की टक्कर से विद्युत खंभा टूट गया और बिजली की केबल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में मार्ग किनारे खड़े दो दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने





बताया कि मिनी ट्रक ड्राइवर तेज गति में वाहन चला रहा था। नियंत्रण खोने के बाद ट्रक सीधा विद्युत खंभे से टकरा गया। हादसे में एक युवती को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना रहवासियों द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को दी गई। जिसके बाद इस क्षेत्र का बिजली प्रदाय बंद किया गया। घटना की जानकारी स्थानीय नागरिकों ने पुलिस को भी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी ट्रक का नंबर MP 13 जीबी 0268 है। पुलिस मामले की जांच में लिया है वहीं फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। मिनी ट्रक द्वारा विद्युत खंभे के क्षतिग्रस्त होने के बाद बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। जूनियर इंजीनियर पवन कोरी ने बताया कि मरम्मत कार्य जारी है।

## 11 केवी के तार की चपेट में आने से भैंस की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस ग्राम मड़िया सेमरा में खेत से निकला 11 केवी करंट प्रवाहित तार टूट कर घास चर रही भैंस के ऊपर गिर गया। जिससे करंट लगने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। इसका पंचनामा बनाकर भी तहसील भेजा गया है। भैंस मालिक बलराम सिंह दांगी ने बताया कि भैंस खेत में थी। अचानक एक 11 केवी का करंट प्रवाहित तार टूट कर उसके ऊपर गिरा, करंट लगने से भैंस की मौत हो गई है। भैंस की कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पीड़ित ने शासन से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन करंट प्रवाहित बिजली के तार टूट जाते हैं। जिससे पूर्व में भी कई मवेशी इसकी चपेट में आकर दम तोड़ चुके हैं। बिजली विभाग से जर्जर तारों को अभी तक नहीं बदला है। जिससे वर्षा काल में और भविष्य में दुर्घटनाएं होने की संभावना ग्रामीणों ने व्यक्त की है।

## 11 केवी लाइन पर मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली प्रदाय रहा बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को पावर ट्रांसफॉर्मर चार्जिंग का कार्य होने के चलते 11 केवी धर्मकांटा फीडर और नई मंडी टाउन फीडर से सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। नागरिकों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से बारिश के मौसम में मेंटेनेंस के कारण कई घंटों की बिजली कटौती की जा रही है। बारिश और हवा चलने पर भी विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मैंटेनेंस के चलते गोकुलधाम, जयपैलेश, बेहलोट बायपास रोड, इमली चौराहा, आरके पुरम, चंद्रप्रभु नगर, स्वरूप नगर, हरदूखेड़ी, कंचन कुंज और विशंभरा कॉलोनी, कालीपठर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष निकेतन गली और रेलवे लाइन के पार के इलाके भी प्रभावित हुए। दूसरी ओर नागरिकों का कहना है कि विद्युत कंपनी द्वारा पिछले एक माह से अधिक समय से लगातार मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है और इस कारण विद्युत कटौती भी की जा रही है। लेकिन इसके बाजवूद जगह जगह लाइनों पर पेड़ों की शाखाएं टकरा रही हैं।

## संजीवनी 108 में हुआ महिला को प्रसव, बेटी को दिया जन्म



**गंजबासौदा।** रविवार को संजीवनी 108 बीएलएस एम्बूलेंस में महिला का प्रसव हो गया। जिसमें प्रसूता महिला ने स्वस्थ बालिका को जन्म दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढिमरोली निवासी पूजा विकास वंशकार उम्र 25 वर्ष को प्रसव पीड़ा हुई। जिसकी सूचना संजीवनी 108 चालक को दी गई, सूचना मिलने के बाद ईएमटी दिनेश लोधी, पायलेट अरमान खान द्वारा गांव पहुंचकर महिला को जनचिकित्सालय ले जाया जा रहा था। तभी रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई जिसके बाद संजीवनी में मौजूद दिनेश लोधी, अरमान खान ने रास्ते में वाहन को रोककर प्रसव करवाया। जिसके बाद जच्चा, बच्चा को शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लाया गया। जहां महिला और बालिका स्वस्थ हैं।

## सिंधुपति सम्राट डाहिर की स्मृति में काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सिन्ध के अंतिम हिन्दू सम्राट महाराजा डाहिर की स्मृति में सिन्धी साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा पूज्य सिन्धी पंचायत एवं भारतीय सिन्धू सभा गंजबासौदा के सहयोग से यादि डाहिर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। अकादमी निदेशक राजेश वाधवानी ने सम्राट डाहिर के जीवन और उनकी बलिदान गाथा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रायपुर के राजकुमार मसंद,भोपाल के कन्हैयालाल शेवानी, ओमप्रकाश टहिल्यानी, नर्मदापुरम के महेश मूलचंदानी और इटारसी के मनोज बुधवानी ने देशभक्तिपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा तो वहीं भोपाल से आए दिलीप वासवानी तथा नरेश वलेचा ने भी वीर रस से भरपूर गीतों की सांगीतिक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### औषधालय में सामूहिक योग किया



**गंजबासौदा।** शनिवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय मसूदपुर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसूदपुर में सभी शिक्षकगण एवं प्रभारी प्रधानाचार्य शंभू सिंह रघुवंशी मौजूद रहे। डॉ. दर्शना रघुवंशी शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं उनके समस्त स्टॉफ कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही ग्रामीणों ने भी योगाभ्यास में बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाह एवं योग प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक जितेंद्र साहू ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। योग संगम पोर्टल के अंतर्गत यह कार्यक्रम पहले से पंजीकृत किया गया था जिसका प्रशस्ति पत्र भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसूदपुर के नाम प्राप्त किया गया।

## सैण्ट एसआरएस स्कूल में सामूहिक योग दिवस मनाया

# 'जीवनशैली में परिवर्तन का माध्यम बनता है योग'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में सामूहिक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सद् प्रयासों से भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग विश्व पटल पर सम्पूर्ण जगत को आलोकित कर रहा है। आज सर्वाधिक चर्चा जीवनशैली में बदलाव की हो रही है। जो आसान नहीं है, लेकिन योग को अपनाते ही जीवनशैली बदलना शुरु हो जाती है। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर के एस यादव ने कहा कि निर्विवाद रूप से योग स्वस्थ जीवन का राज है। योग को दिवस में सीमित न कर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना जरुरी है। योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने अष्टांग योग के आठ आयामों को व्यवहारिक उदाहरणों से समझाया। संस्था के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार, योग, आसन, प्राणायाम, यम और नियम का अभ्यास कराया। शताधिक छात्र-छात्राओं ने नियमित योगाभ्यास के लिए पंजीयन कराया। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने योग पर बात रखते हुए अतिथियों का आभार माना। संस्था के एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने आसान व्यायाम का संस्था के शिक्षक परिवार और छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया। विश्व योग दिवस के कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## हैंडपंप को दुरुस्त किया गया



**गंजबासौदा।** रविवार को सुबह के समय पचमा बायपास क्षेत्र में हैंडपंप कई दिनों से खराब पड़ा था, जिसमें बहुत देर में पानी आ रहा था। जिससे वार्डवासियों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको देखते हुए संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर हैंडपंप को खोलकर उसकी पाइप लाइन को दुरुस्त किया। जिसके बाद हैंडपंप सही से पानी देने लगा।

## शिक्षकों ने कपिल तिवारी को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस विकास खंड के शिक्षकों ने जनपद पंचायत परिसर में एकजुट होकर अपने भूतपूर्व बीआरसी कपिल तिवारी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने तिवारी को एक योग्य संयमित अनुशासन बद्ध शिक्षक बताया और उनके बीआरसी कार्यकाल की प्रशंसा की। वर्तमान बीआरसी बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने अपने पूर्व बीआरसी को शिक्षक हितैषी अधिकारी बताते हुऐ उनके कार्यकाल को श्रेष्ठ बताया। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ने तिवारी को आदर्श शिक्षक, बेहतर साथी, कर्तव्य निष्ठ अधिकारी बताया। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने तिवारी को शिक्षा विभाग का कोहिनूर हीरा बताते हुऐ उनके बताऐ मार्ग पर चलने का आह्वान कर शिक्षको से विकास खंड को नंबर वन बनाने के उनके सपने को पूरा करने की बात कही। इस श्रृद्धांजलि सभा का संचालन पं संदेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रार्चाय टीडी वर्मा, अनिता ठाकुर, माधवी भाटिया, साधना दास, दुर्गा सोनी, रूकमणी अहिरवार, नीरज तैनगुरिया, जेपी दुबे, संजीव रघुवंशी, अरूण पांडे, राजाराम प्रभाकर, संजय श्रीवास्तव, कमलेश रघुवंशी, निर्भय सिंह, प्रज्ञानंद जाटव, नारायण सिंह, काशीराम, अरूण पांडे, भगवती सक्सेना, अनिल श्रीवास, केशव प्रसाद शर्मा, गजराज सिंह, संजय अहिरवार आदि शिक्षकगण उपस्थित हुए।

### मच्छर मार दवा के छिड़काव की मांग की

**गंजबासौदा।** इन दिनों पाराशरी नदी किनारे की रहवासी बस्तियों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से यहां के रहवासियों खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी शाम होते ही अपने घरों के दरवाजे, खिड़कियां बंद कर देते हैं। नगरवासियों ने नगरपालिका से मच्छरमार दवा के छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

## दो डॉक्टर अस्थिरोग विशेषज्ञ मौजूद फिर भी मरीज हो रहे भोपाल के लिए रैफर

# गजब का ट्रामा सेंटर, अस्पताल बना रैफरल केंद्र

## ढाई साल में 745 मरीजों को कर दिया रैफर, स्वास्थ्य राज्य मंत्री साहब जरा एक नजर इधर भी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर बने हुए पूरे 8 साल बीत गए हैं, लेकिन मरीजों को इस सुविधा का बिल्कुल भी फायदा नहीं मिल रहा है। कहने को तो अस्पताल में दो-दो हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को बजाय जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज करने के फौरन भोपाल रेफर कर देते हैं।

पहले और वर्तमान में जिला अस्पताल की स्थिति में कोई अंतर नहीं आया है। जबकि जिले का नेतृत्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि मंत्रीजी इस ओर गंभीरता से ध्यान देंगे तो निश्चित रूप से व्यवस्थाओं में सुधार आ सकता है। ट्रामा सेंटर में लापरवाही का आलम यह है कि पहले यहां से सड़क एक्सीडेंट में गंभीर घायलों को तुरंत भोपाल रेफर कर दिया जाता था जबकि ट्रामा सेंटर बनने के बाद भी यही हालात बने हुए हैं।





वैसे तो जिला अस्पताल में दो हड्डी रोग विशेषज्ञ पदस्थ हैं। इनमें डॉ वैभव सिंघई दूसरे डॉ बीएल आर्य हैं। इसके बावजूद भी पिछले ढाई साल में जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर से 745 घायल मरीज भोपाल रैफर हो चुके हैं। ट्रॉमा सेंटर जैसा कि नाम से स्पष्ट है एक ऐसा केंद्र जहां इमरजेंसी में सड़क एक्सीडेंटों के मामले में गंभीर घायलों को तुरंत ट्रॉमा सेंटर में इलाज मिलना चाहिए।

### 8 साल बाद भी हालात जस के तस

*जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल, गंभीर घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में ही भर्ती कर इलाज मिलना चाहिए था, लेकिन जिला अस्पताल में दो-दो डॉक्टर होने के बाद भी मरीज और उनके अटेंडरों को भोपाल तक परेशान होना पड़ रहा है यह कैसी विडंबना है। शहर के जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर शुरू हुए पूरे 8 साल बीत चुके हैं, लेकिन ट्रामा सेंटर को जिस उद्देश्य से बनाया गया था, वह सफल नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में पिछले ढाई साल में 745 गंभीर घायलों को भोपाल रैफर किया जा चुका है।*

### डॉक्टर साहब के साथ स्टाफ रहा नदारद

कहने को तो जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर है, लेकिन जिस उद्देश्य को लेकर इसे बनाया गया था। उस अनुरूप मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एक्सपर्ट व्यू की अगर हम मानें तो इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इसे बनाया गया था। यह सड़क एक्सीडेंट में गंभीर घायलों और घायलों को सही उपचार मिल सके लेकिन जिला अस्पताल का यह ट्रामा सेंटर सिर्फ रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। गंभीर मरीजों को आज भी परेशान होना पड़ता है। कई बार डॉक्टर नहीं मिलते तो कई बार स्टाफ नदारद रहता है जिससे मरीज एवं अटेंडरों को समय और धन की बर्बादी होती है।

### डॉ. चौधरी ने दिलाई थी ट्रामा सेंटर की सौगात

जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर के लिए लगभग 8 वर्ष पूर्व केबिनेट मंत्री एवं सांची के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के अथक प्रयासों से इस सुविधा का लाभ मरीजों को मिलने लगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से इस सेंटर के लिए करीब पौने तीन करोड़ रुपए मंजूर कराए थे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया था कि ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों सहित पैरामेडिकल स्टॉफ की सुविधा दिलाई जाएगी, परंतु प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह सुविधाएं मरीजों को पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रही हैं, जिससे गंभीर घायल मरीजों को या तो भोपाल रैफर कर दिया जाता है या फिर मरीज स्वयं ही मजबूरीवश भोपाल इलाज करवाने को विवश होते हैं।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में अभी भी पर्याप्त डॉक्टरों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। हमने डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए संचालनालय को पत्र लिखा है, जल्द ही इसकी पूर्ति हो जाएगी, जिससे मरीजों को सुविधा मिलने लगेगी।

*डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान, सिविल सर्जन जिला अस्पताल*

---

## खबर संक्षेप

### डॉ. एसके झारिया को मार्गदर्शक बनाया



रायसेन। डॉ एसके झारिया को युवा संघ में मार्गदर्शक नियुक्त किया गया है। क्योंकि मध्यप्रदेश के मार्गदर्शक मंडल का कार्यकाल फिलहाल समाप्त हो गया । इसके बाद मुख्य संरक्षक संतोष झारिया, पूर्व मार्गदर्शक मंडल और संस्थापक सदस्यों की सहमति से नए मार्गदर्शकों की घोषणा की गई है। संघ ने 7 वरिष्ठजनों को मार्गदर्शक के रूप में मनोनीत किया है। नरसिंहपुर जिले से एस के मेहरा, मण्डला से श्यामलता झारिया, डिंडौरी से गणेश चंदेल, बालाघाट से बसंत चौबे, जबलपुर से गोपाल खांडे, सांची रायसेन से डॉ शैलेन्द्र झारिया और सिवनी से कैलाश झारिया को यह दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने सभी वरिष्ठजनों को यह जिम्मेदारी सौंपकर गौरव महसूस किया है। संघ को उम्मीद है कि सभी मार्गदर्शक नियमावली के अनुसार समाज हित में संगठन को दिशा देंगे। इनकी नियुक्ति पर अभीष्ट मित्रों शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार कर बधाई दी है।

### अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में समस्याओं पर बात की



**सांची।** रविवार को नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने प्रेस वार्ता में नगर में जो समस्याएं हैं उन पर चर्चा करते हुए कहा कि नगर में सभी विकास के कार्य अपनी गति से चल रहे हैं इनमें अगर किसी प्रकार की समस्या है तो हम उसे पर भी कार्य करेंगे। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सभी सवालों पर उन्होंने पूर्ण रूप से कार्य करने की बात कहीं जिसमें वाटर फिल्टर प्लांट द्वारा संचालित किए जा रहे कार्य ने पुरी तरह सांची नगर की सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिसमें सबसे अधिक नुकसान डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी वासियों को हुआ है कॉलोनी की सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है वही नाले के निर्माण कार्य में हो रही देरी को जल्द से जल्द पूरा क्या जाए। वही स्टेट लाइट बंद होने से पूरे नगर में रात भर अंधेरा पड़ा रहता है। उस पर भी तुरंत चालू करने की बात कही इसी प्रकार और भी कई समस्याओं को उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत द्वारा नोट करके समस्याओं पर कार्य करना शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर सभी पार्षद सुनील जैन अमित जोशी रघुवीर चौहान शुभम तोमर बंटी मैहरा ओम प्रकाश कुशवाहा तथा सांची के सभी पत्रकारों ने भाग लिया।

### मध्यभारत प्रान्त का अभ्यास वर्ग आयोजित



**रायसेन।** विहिप मध्य भारत प्रान्त का अभ्यास वर्ग 21 और 22 जून को गौरव मैरिज गार्डन सांची रोड़ में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विहिप के महामंत्री बद्री पाराशर और सोशल मीडिया प्रभारी महिमा दुबे ने बताया कि जिसमें दो दिवसीय प्रशिक्षण में करीब 150 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमें वर्ग प्रमुख प्राँत गौ सह रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल द्वारा सत्र लिया गया। बोद्धिक सत्र नवीन जी जोशी संघ से विभाग कार्यवाह द्वारा मार्गदर्शन दिया। सर्व व्यापी सर्व स्पर्शी कार्य विषय दौलत लोंगवानी विभाग मंत्री द्वारा लिया गया। संगठन की कार्य पद्धति चन्द्रभान बघेल विभाग संयोजक द्वारा लिया गया । सत्संग का विषय सुरेंद्र सिंह विभाग सत्संग प्रमुख द्वारा नरेश बाल्यान शारीरिक जिला संगठन मंत्री रघुवीर संगठन आयाम पुज बद्री प्रसाद पाराशर एवं समापन सत्र में शामिल हुए। अधिवेशन में मलखान सिंह राजपूत प्रांत सह मन्त्री द्वारा लिया गया एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस समापन सत्र पर सभी प्रखंडों से 150 शिक्षार्थी उपस्थित रहेंगे।

---

# नर्मदा तटों पर होगा पक्के घाटों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पहली बार बरेली आए मुख्यमंत्री का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान हजारों की उपस्थिति में अभिभूत हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर एवं क्षेत्र के लिए अनेक सौगातें देते हुए क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विकास और नर्मदा तटों पर पक्के घाटों के निर्माण की बड़ी सौगात दी। क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने 13 मांगे रखीं तो 3-4 को छोड कर मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूर्ण करने की घोषणा की। जिसमें बरेली को नपं. से नगरपालिका बनाये जाने की घोषणा भी है।

### प्राचीन धार्मिक स्थल

पूर्व दिशा में मॉं नर्मदा मैया की कल-कल बहती जलधारा तो पश्चिम दिशा में विन्ध्यांचल पर्वत की श्रेणियों में अनेक प्राचीन ऐतिहासिक स्थान हैं। जो सदियों से धार्मिक श्रद्धालुओं का श्रद्धा केन्द्र बने हुए हैं। जामगढ में जामवंत की गुफा, भगदेई में मॉं कामाख्या देवी का मठ के साथ जामगढ़ भगदेई में तीन प्राचीन



प्राकृतिक तालाब भी है। पहाडी के उपर शिवजी के मंदिर के पास गुफा और बारह महिनों जल भरा रहता है। एक विशाल हिलती हुई चट्टान भी है। समीप ही प्राचीन बापौली धाम है, जहॉं विशेष शिवलिंग स्थापित है। बाड़ी के पास हिंगलाज माता का मंदिर और विन्ध्य की पहाडी में मृगन्नाथ की विशाल प्राचीन गुफा है। नगर से 6 कि.मी. दूर छींदधाम हनुमान मंदिर एवं नगर में घोघरा नदी के किनारे प्राचीन हनुमान गढ़ी का विशाल भव्य मंदिर है। इन सभी प्राचीन धार्मिक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विकास की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की है। आने वाले समय में सभी धार्मिक स्थलों का कायाकल्प होने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी।

### नर्मदा तटों पर होगा घाटों का निर्माण

यह क्षेत्र के निवासियों का सौभाग्य है कि जन्म नर्मदा क्षेत्र में हुआ। माँ नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास सदियों से बना हुआ है। नर्मदा पथ का निर्माण हो रहा है, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदा किनारे पक्के घाटों का निर्माण की घोषणा से नर्मदा भक्तों में भारी हर्ष बना हुआ है। नर्मदा तट केतोघान, अलीगंज, (रेवानगर), मांगरोल पुलघाट, बगलवाडा, घाट पिपरिया, डूमर, कुब्जा घाट बगलवाडा, मौतलसिर में यदि नर्मदा तटो पर पक्के घाटों का निर्माण होने से पूर्णिमा, अमावस्या विशेष धार्मिक त्योहार पर्वो पर नर्मदा स्नान करने वाले हजारो श्रद्धालुओं को भारी सुविधा होगी।

### बरेली होगी नगरपालिका

पूर्व में बरेली नगर पालिका थी, बाद मे जनसंख्या कम होने से नगर परिषद हो गई। पिछले 3-4 दशको में नगर की जनसंख्या तेजी से बढी और नगर से लगी खाली कृषि भूमियों पर अवैध कालौनियों की बाढ सी आ गई। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने प्लाट खरीदे और मकान बना कर निवास शुरू कर देने से ग्रापं. कामतोन एवं धोखेडा का हिस्सा बरेली कहलाने लगा है।

लंबे समय से नपं. से नगरपालिका निर्माण की मांग बनी हुई थी। जिसे राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर पालिका बनाने की घोषणा से अब तेजी से व्यवस्थित विकास की संभावना बन गई है। नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत की जुगलबंदी से भी बरेली को नगर पालिका का दर्ज मिल गया है।

# खाद वितरण केंद्र पर पहले आओ पहले पाओ सिस्टम की निकली हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जुलाई माह शुरू होने में अभी कुछ दिन शेष हैं। धान का कटोरा कहे जाने वाला बाड़ी, बरेली और उदयपुरा क्षेत्र में धान का सीजन 15 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा। फिलहाल अन्नदाताओं को यूरिया डीएपी खाद की चिंता सता रही है। किसानों की नजर खाद वितरण केंद्रों पर है।

सुबह से ही किसान लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं। सोसायटियों ने एक सिस्टम बनाया है किसानों के लिए पहले आओ और खाद ले जाओ। लेकिन स्थिति यह है कि इन सोसायटियों में सिस्टम का फॉलो नहीं हो पा रहा है।

ऐसी स्थिति में किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। इस नई व्यवस्था पर किसानों को कितना भरोसा है सह वही जानें। क्योंकि हर वर्ष किसान खाद वितरण की मनमानी का शिकार होते हैं। अन्नदाताओं को समय और धन की बर्बादी का सामना भी करना पड़ता है। सरकारों का इस नए सिस्टम पर अधिकारी पलीता लगा रहे हैं।



### अधिकारियों की जुगलबंदी से समस्या

सोसायटियों और डबल लॉक केन्द्रों पर एक ही स्थान पर लंबे समय से अधिकारी जमे हुए हैं। बताया जाता है कि दलालों के माध्यम से वह अपने चहेतों को खाद उपलब्ध करा देते हैं, बाकी किसान लंबी लंबी कतारों में खड़ा होकर खाद के लिए जद्दोजहद करते रहते हैं। आजकल यह प्रथा भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी है। किसानों द्वारा शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती। किसानों को टोकन देने में भी पक्षपात किया जाता है। टोकन पर कितनी और कब खाद दी जानी है, यह पहले ही तय होता है। स्टॉक रजिस्टर में भी दर्ज होता है। अगर रजिस्टर की बारीकी से जांच कराई जाए तो असलियत सामने आ जाएगी।

किसान यह उम्मीद लेकर कतार में खड़ा होता है कि उसका नंबर आएगा और उसे पर्याप्त खाद मिलेगी लेकिन बाद में उसे निराशा ही हाथ लगती है।

---

# मुनिश्री का दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वर्षा योग चातुर्मास के लिए जैन मुनि संघो का विहार आरंभ हो गया है। अपने गुरुओं से मिले संकेतो के बाद मुनि संघ अपने अपने चातुर्मास स्थली के लिए झमाझम बारिश के बीच विहार कर रहे है।

इसी कड़ी में सिलवानी नगर को दो मुनियो के चातुर्मास कराने का सौभाग्य मिला है। पटटाचार्य 108 श्री विशुद्व सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य, राम कथा वाचक, श्रवण मुनि साक्ष्य सागर महाराज व मुनि निवृत सागर



महाराज का चातुर्मास सिलवानी में होने जा रहा है। भोपाल से विहार करते हुए मुनिद्वय के कदम नगरी की तरफ बढ़ रहे है।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सिंधई सुनील कुमार जैन ने बताया कि मुनि संघ का नगर में चातुर्मास होना तय हुआ हैं। रविवार को मुनि संघ की आहार चर्या जिले के गढ़ी कस्बें में संपन्न हुई।

# बाइक से 7 हजार किमी की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 से रोज कोई ना कोई भक्त नंगे पैर या अपनी बाइक से प्रभु के दर्शन करने के लिए निकलता दिखाई देता है। कई भक्त तो नंगे पैर प्रभु का नाम लेते हुए जाते दिखाई देते हैं, लेकिन अर्जुन सनातन धर्म का प्रचार करता नजर आया।

रविवार को सुबह भक्त अर्जुन गुजरात के मोरबी का रहने वाला अपने कंधे पर बैग टांगे हुए मोटरसाइकिल पर भगवान श्रीराम का झंडा लगा हुआ चला जा रहा था। जब उससे पूछा गया कि कहां की यात्रा के लिए निकले हो तो




उसने बताया कि मैं अपनी बाइक से 8 मई को अपने घर से निकला था मैंने सबसे पहले अयोध्या की यात्रा की। मैं अभी तक अपनी मोटरसाइकिल से 6 हजार 85 किलोमीटर चल चुका हूं। उसने बताया कि मेरी यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर सनातनी को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है। हम पूरी दुनिया में सनातन और शांति की स्थापना करना चाहते हैं।

हर सनातनी को सनातन धर्म के प्रति समर्पित करने की कोशिश करता हूं। लाखों सनातनियों के बलिदान और पराक्रम से आज पूरी दुनिया में सनातन धर्म का सम्मान हो रहा है और पूरी दुनिया सनातन धर्म की ओर बढ़ रही है। मुझे गर्व है उन सभी सनातनियों पर जो मेरी तरह सनातन धर्म का प्रचार करते हैं।

# बरेली में हुई जमकर बरसात मूंग कटाई पर लगा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को भले ही अवकाश रहा हो परंतु संपूर्ण क्षेत्र में मानसून की जोरदार बारिश से तापमान में गिरावट हवाओं में ठंडक और गर्मी उमस एकदम गायब हो गई। जिन किसानों की मूंग कटने से रह गई थी, हारवेस्टरों के द्वारा शनिवार तक कटाई होती रही।

रविवार की सुबह से बूंदाबादी के साथ शुरू हुई बारिश ने संपूर्ण क्षेत्र में पानी ही पानी कर दिया। लगातार हुई घंटो की कभी तेज कभी धीमी बारिश से खेतो में



पानी भरने, अत्याधिक नमी के कारण हारवेस्टरों तो क्या किसानों का भी भीतर घुसना कठिन हो गया। अब शायद ही नमी युक्त खेतों में हारवेस्टर अंदर जा पाएं। मूंग की कटाई पर विराम लग गया।

---

## फसल बोवनी की तैयारी में जुटे अंचल के अन्नदाता

# मानसून की दस्तक, बारिश का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आसमान पर छाए बादलों ने रविवार की दोपहर को बारिश की जोरदार झड़ी लगाई तो मौसम में नमी घुल गई एवं मौसम खुशगवार हो गया। इसके बाद दिनभर रुक-रुककर बारिश का दौर चलता रहा।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि आगे बारिश का दौर जारी रहेगा। अभी दो दिन यलो अलर्ट है, 23 जून के बाद बदलाव की स्थिति बनेगी। पूर्वी और उत्तरी हिस्से में तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। पश्चिमी हिस्से से ट्रफ की एक्टिविटी है, यह दोनों ही सिस्टम स्ट्रॉन्ग हैं, जिसकी वजह से पूर्वी और उत्तरी हिस्से में अति भारी या भारी बारिश का



अनुमान लगाया जा रहा है। जिले में भी दो दिन हल्की बारिश के आसार हैं। 23 जून के बाद मौसम में बदलाव दिखेगा, जिसके बाद जिला मुख्यालय सहित जिले भर में तेज बारिश होगी।

### खरीफ की बोवनी के लिए अनुकूल मौसम

रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। यह मौसम खरीफ सीजन की बोवनी के लिए अनुकूल बताया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे ने बताया कि इस समय मिट्टी का तापमान कम हो गया है, ऐसे में बीज का अंकुरण अच्छा होता है। जिले में एक जून से लेकर अभी तक औसत 56.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। मिट्टी में नमी पर्याप्त है, ऐसे में बोवनी 30 जून तक पूर्ण कर ली जाए।

बोवनी के साथ किसान खेत में एनपीके 12:32:16 खाद का छिड़काव जरूर करें। इस खाद में तीन पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटास होने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाते हैं, जिसका पौधे को फायदा मिलता है। जिले में मानसून की एंट्री दो दिन पहले हो गई है, लेकिन अभी झमाझम बारिश के लिए इंतजार करना होगा।

# बारिश होने के साथ ही किसानों ने शुरू किया धान रोपाई कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। खेतों में पानी देख किसानों के चेहरे खिले उठे। धान की रोपाई का कार्य बारिश के साथ शुरू हो गया है। कई गांवों में धान की रोपाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। किसानों ने मजदूरों को खेतों में बुलाकर धान के पौधों की रोपाई कराई। किसानों ने बताया कि अभी मजदूरों को मजदूरी ज्यादा देना पड़ रही है क्योंकि अभी मजदूरों का टोटा बना हुआ है।

बारिश के बाद छोटे से बड़े किसान सभी धान रोपाई में जुट गए। कुछ किसान इसी बारिश के पानी में रोपाई के लिए परिवार के साथ धान के पौधे रोपने में जुट गए। बड़े किसानों के धान के पौधे रोपाई के लिए मजदूरों की तलाश शुरू कर दी है। आलम यह है कि मौके का फायदा देखते हुए मजदूरों ने अपनी मजदूरी के दाम भी बढ़ा दिए हैं। कहीं ठेके पर मजदूर मिल रहे हैं तो कहीं फुटकर।



### धान रोपाई के लिए वाहनों से बुलाया मजदूरों को

दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बाहर से चार पहिया वाहनों के जरिए मजदूरों को लाया गया है। कई बड़े किसान पहले ही धान लगाने के लिए मजदूर बाहर से ले आए थे। फिलहाल उनके खेतों में धान रोपाई का काम जोरो से चल रहा है। वहीं खेतों में कुछ जगह अभी धान की नर्सरी तैयार नहीं हो पाई है।